तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 12 नवंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4 पहले बारिश की वजह से नहीं हुई मरम्मत और अब विभाग कर रहा काम में देरी




## खबर संक्षेप

### भूविस्थापितों को सर्वमंगला नगर में मिले बसाहट: प्रेमचंद

**कोरबा।** कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कलेक्टर को



ज्ञापन सौंपकर एसईसीएल गेवरा परियोजना द्वारा अर्जित ग्राम भिलाईबाजार को सर्वमंगला नगर में सर्वसुविधायुक्त बसाहट दिलाने की मांग की है। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में श्री पटेल ने उल्लेख किया है कि सरपंच ग्राम पंचायत भिलाई बाजार एवं प्रदीप जायसवाल समाजसेवी भिलाईबाजार के द्वारा वर्तमान में एसईसीएल गेवरा परियोजना के विस्तार में प्रभावित ग्राम भिलाईबाजार के ग्रामसभा 11 अक्टूबर के प्रस्ताव क्रमांक 21 में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर सर्वमंगला नगर शराब दुकान के आसपासमें सर्वसुविधायुक्त बसाहट दिए जाने की मांग की गई है। आवेदकों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र पर विचार करते हुये ग्राम भिलाईबाजार के एसईसीएल गेवरा परियोजना में प्रभावित भूविस्थापितों को सर्वसुविधायुक्त बसाहट की सुविधा प्रदान किए जाने के लिए सर्वमंगला नगर शराब दुकान के आसपास कोरबा का चयन कराने का कष्ट करें।

### कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना पाली अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के दो रिक्त पद एवं आंगनबाड़ी सहायिका के 4 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना पाली से प्राप्त जानकारी के अनुसार परियोजना पाली अंतर्गत ग्राम केराकछार के आंगनबाड़ी केंन्द्र विच्छीडुग्गू एवं ग्राम परसदा के आंगनबाड़ी केन्द्र परसदा में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद की पूर्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। इसी तरह ग्राम नवापारा के आंगनबाड़ी केन्द्र धवईहापारा, ग्राम परसदा के आंगनबाड़ी केन्द्र समरमुड़ा, ग्राम माखनपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र रांवपारा और ग्राम कर्रानवापारा के आंगनबाड़ी केन्द्र कन्हैयापारा में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इच्छुक आवेदिका 21 नवंबर तक कार्यालयीन समय में एकीकृत बाल विकास परियोजना पाली में आवेदन जमा कर सकती हैं। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु परियोजना कार्यालय पाली से संपर्क किया जा सकता है।

### अग्निवीर शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु दिया जा रहा निःशुल्क प्रशिक्षण

**कोरबा।** अग्निवीर थल सेना में भर्ती हेतु लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को सीएसईबी ग्राउंड कोरबा में निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 31 दिसंबर तक प्रदान किया जायेगा। जिले के इच्छुक उत्तीर्ण युवक प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोरबा में संपर्क कर सकते हैं।

### चार पुलिसकर्मी किए गए लाइन अटैच

**अंबिकापुर।** बलरामपुर कोतवाली पुलिस की अभिरक्षा में चोरी के आरोप में हिरासत में लिए गए संदेही की मौत के मामले में आईजी ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कस्टडी में हुई मौत के मामले में आईजी ने चार पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच कर दिया है। बड़ी बात यह है कि मंगलवार को पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के साथ मृतक के परिजन ने आईजी से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने पुलिस पर मृतक उमेश सिंह को घर से उठाकर ले जाने और बेरहमी से मारपीट का आरोप लगाया था। परिजन का कहना था कि उमेश सिंह की पिटाई की गई जिससे उसकी मौत हुई और मौत के बाद शव को देखने तक नहीं दिया गया।

# गांव पहुंचे प्रशिक्षु आईएएस, सामाजिक आर्थिक ढांचे से हुए अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय प्रशासनिक सेवा के 100वें कॉमन फाउंडेशन कोर्स के तहत 12 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों का दल 8 से 16 नवंबर तक जिले के ग्रामों के अध्ययन भ्रमण पर है। इस अध्ययन भ्रमण का उद्देश्य ग्रामीण प्रशासनिक व्यवस्था, जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं ग्राम्य जीवन की वास्तविक परिस्थितियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करना है। प्रशिक्षु अधिकारियों ने कलेक्टर अजीत वसंत से ब्रीफिंग प्राप्त की। कलेक्टर ने प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को जिले की भौगोलिक संरचना, गौरवशाली इतिहास व संस्कृति, परंपराएं, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के विषय में बताया। इसके साथ ही एनटीपीसी, बाल्को, एसईसीएल, कोल माइंस,पॉवर प्लांट हसदेव बागों बांध आदि के विषय में जानकारी दी। कलेक्टर अजीत वसंत ने

अलग खबर

## स्कूल में छात्रों के साथ बैठकर देखी व्यवस्था

**खास बातें**

- प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने किया गांवों का भ्रमण, योजनाओं के क्रियान्वयन की ली जानकारी



अधिकारियों को ग्राम भ्रमण के दौरान महत्वपूर्ण विषय के संकलन एवं आवश्यक सावधानियों के विषय में बताया और मार्गदर्शन दिया। सोमवार को प्रशिक्षु अधिकारी दो दलों में विभाजित होकर ब्लॉक कोरबा के ग्राम पंचायत चाकामार एवं ब्लॉक पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम पंचायत पुटीपखना का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों, पंच, सरपंच, मितानिन, शिक्षक एवं स्थानीय अधिकारियों से संवाद स्थापित कर प्रशासनिक कार्यप्रणाली और शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। अधिकारियों ने पीएम आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन,स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, जल जीवन मिशन एवं डिजिटल पंचायत जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं के कार्यान्वयन का गहराई से अध्ययन किया। उन्होंने हितग्राहियों से बातचीत कर योजनाओं की वास्तविक स्थिति एवं उनके लाभ के विषय में प्रत्यक्ष फीडबैक प्राप्त किया। भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने पीएमश्री विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सड़क, नाली, सौर ऊर्जा व्यवस्था एवं बिजली आपूर्ति जैसी आधारभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने ट्रांजिट वॉक कर ग्राम के सामाजिक-आर्थिक ढांचे, संसाधनों एवं जनजीवन की विविधताओं को निकट से देखा-समझा। भ्रमण दल में शामिल प्रशिक्षु अधिकारी रजत सिंह, खोत पुष्पराज नाना साहेब, विकास यादव, केवल अश्विनभाई मेहता, सरन्या एस एवं अदिति छापरिया रहे।

## एसईसीएल के सीएमडी ने किया सिंघाली में पेस्ट फिलिंग टेक्नोलॉजी का भूमि पूजन

# सिंघाली भूमिगत खदान में शुरू हुआ कोल इंडिया का पहला पेस्ट फिलिंग प्रोजेक्ट



भूमिपूजन के दौरान उपस्थित एसईसीएल के अधिकारी।



निरीक्षण करते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल सिंघाली खदान में कोल इंडिया के पहले पेस्ट फिलिंग प्रोजेक्ट का भूमिपूजन किया गया। एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के डीएसबी उप क्षेत्र स्थित सिंघाली भूमिगत खदान पेस्ट फिलिंग टेक्नॉलाजी परियोजना पर काम शुरू कर दिया गया है।

एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन के मार्गदर्शन में सिंघाली भूमिगत खदान में क्रियान्वित किया जा रहा यह पेस्ट फिलिंग प्रोजेक्ट कोल इंडिया का पहला प्रोजेक्ट है। पेस्ट फिलिंग टेक्नोलॉजी एक आधुनिक खनन तकनीक है, जिसके माध्यम से खदानों से निकले फ्लाई ऐश, टेलिंग्स या अपशिष्ट पदार्थों को पानी और सीमेंट जैसे बाइंडर्स के साथ मिलाकर पेस्ट के रूप में भूमिगत खाली स्थानों में भरा जाता है। यह तकनीक न केवल भूमिगत सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ाती है, बल्कि सतह पर अपशिष्ट निपटान की समस्या को भी काफी हद तक कम करती है। इससे पर्यावरण संरक्षण, जल स्त्रोतों की सुरक्षा तथा सस्टेनेबल माईनिंग को बढ़ावा मिलता है।

सिंघाली खदान में इस तकनीक के प्रयोग से एसईसीएल ने एक और महत्वपूर्ण कदम हरित एवं सुरक्षित खनन की दिशा में बढ़ाया है। इस दौरान निदेशक (तकनीकी) योजना एवं परियोजना रमेश चन्द्र महापात्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही अतुल द्विवेदी, प्रबंध निदेशक (टीएमसी), अजय तिवारी, महाप्रबंधक (उत्पादन) एसईसीएल, राजेश कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, कोरबा क्षेत्र, मंचासीन रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र, उपक्षेत्र एवं इकाई के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारी प्रतिनिधि तथा जेसीसी डीएसबी उपक्षेत्र भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। भूमि पूजन के पश्चात अतिथियों द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के विभिन्न विभागों के स्टाफ ऑफिसर्स एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### निदेशक तकनीकी योजना एवं परियोजना ने किया गेवरा खदान का निरीक्षण

एसईसीएल के निदेशक (तकनीकी) योजना एवं परियोजना रमेश चन्द्र महापात्र ने गेवरा खदान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खदान के फेस तक पहुंचकर उत्पादन एवं ओवरबर्डन (ओबी) से संबंधित गतिविधियों का निरीक्षण किया और कार्यस्थल पर सुरक्षा तथा संचालन व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान श्री महापात्र ने संप क्षेत्र का भी अवलोकन किया। उन्होंने मानसून अवधि में एकत्रित जल के रखरखाव एवं प्रबंधन की स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने खदान प्रबंधन टीम के साथ बैठक कर उत्पादन और उत्पादकता की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की तथा लक्ष्य अनुरूप उत्पादन बढ़ाने के लिए आवश्यक सुझाव और दिशा-निर्देश प्रदान किए। दौरे के दूसरे दिन 11 नवंबर को महापात्र तड़के गेवरा सायलो पहुँचे और डिस्पैच व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कोयला परिवहन एवं लोडिंग से जुड़ी प्रक्रियाओं की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन साइट का भी दौरा कर चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



# एसईसीएल दीपका खदान क्षेत्र में हादसा, सहायक लोडर की मौत



घटनास्थल जहां हुआ हादसा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की दीपका खदान क्षेत्र के न्यू सीएचपी, पीक्यूआर-1 ड्राइव हाउस के सामने एक तेज रफ्तार भारी वाहन ने मोटरसायकल सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में मोटरसायल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक युवक निजी ट्रांसपोर्ट कंपनी में सहायक लोडर के पद पर कार्यरत था। हादसे से स्थानीय श्रमिकों में आक्रोश व्याप्त हो गया और साथी कर्मियों ने मुआवजा की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। खदान में लगातार हो रही दुर्घटना के बाद भी सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाने को लेकर सवाल उठाया है, विभाग की निषक्रियता को दर्शाता है।

**खास बातें**

- न्यू सीएचपी पीक्यूआर 1 ड्राइव हाउस के सामने हुआ हादसा
- हादसे के बाद आक्रोशित ठेका श्रमिकों ने मुआवजा को लेकर शुरू किया धरना प्रदर्शन

एसईसीएल दीपका खदान क्षेत्र में सोमवार देर रात ड्राइव हाउस के सामने हुए हादसे में मृतक सहायक लोडर का काम करता था। बताया जा रहा है कि मृतक किसी निजी कंपनी में लोडर सहायक के रूप में कार्यरत था। हादसा उस समय हुआ जब खदान परिसर में भारी वाहनों की आवाजाही तेज थी। संभावना जताई जा रही है कि मृतक किसी डंपर या ट्रक की चपेट में आने से मौत हुई है। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों, कर्मचारियों और श्रमिक संगठनों में आक्रोश फैल गया। लोगों ने आरोप लगाया कि खदान क्षेत्र में भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही, ट्रैफिक मॉनिटरिंग की कमी और लंबे समय से लंबित सुरक्षा संबंधी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई न होने की वजह से ऐसे हादसे बार-बार हो रहे हैं। वाहनों की गति नियंत्रण के लिए पुख्ता व्यवस्था, सुरक्षा गार्डों की पर्याप्त तैनाती और सीसीटीवी मॉनिटरिंग को सुदृढ़ किया जाता तो ऐसी दुखद घटनाओं को रोका जा सकता था।

हादसे के बाद लोगों ने जिला प्रशासन और श्रम विभाग से मांग की है कि दुर्घटना की पारदर्शी जांच कराई जाए। खदान क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही के लिए मानक संचालन प्रक्रिया की समीक्षा की जाए और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाए। साथी कर्मी की मौत से आक्रोशित ठेका श्रमिकों ने मुआवजा को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस मामले में प्रबंधन ने नियमानुसार मुआवजा व अन्य सहायता राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।



घटना के दौरान लगी श्रमिकों की भीड़।

## सीतामणी के समीप स्कार्पियो को रोककर पिता पुत्र से की मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक स्कार्पियो वाहन में सवार पिता पुत्र उरगा से कोरबा आ रहे थे जहां ओवरटेक करने की बात को लेकर दो बाइक में सवार आधा दर्जन युवकों ने उनका बीच रास्ते में उनकी गाड़ी रोककर उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट करने वाले युवकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 33 कदमहाखार निवासी अनिल आनंद ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह 10 नवंबर को ग्राम पहंदा से अपनी कार में अपने पिता लालू आनंद एवं बड़े भाई हृदय आंनद के साथ कोरबा आ रहा था कि शाम लगभग 4 बजे कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतामणी रेत घाट के पहुंचा था कि पीछे से दो मोटर सायकल में सवार होकर कुछ युवक पहुंचे और ओवरटेक करने की बात को लेकर उनकी बेल्ट से बेरहमी से पिटाई कर दी। जिससे सभी को गंभीर चोट आयी है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट करने वाले बल्ले विश्वकर्मा, अजय कुम्कार सहित सोनू दास सहित अन्य खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है।

## दो बाइक के बीच आमने सामने भिड़ंत, एक की मौत



घटनास्थल में गिरी बाइक व मृतक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो बाइक के बीच आमने सामने भिंड़त हो जाने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई है। जबकि दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए हैं। हादसे के बाद घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जानकारी के अनुसार यह सड़क हादसा बांगो थाना क्षेत्र के एनएच 130 पर लमना के समीप घटित हुआ।

ग्राम लोड़ीबहरा निवासी पवन सिंह तंवर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 एएक्स 5126 में सवार होकर सोमवार की सुबह अपनी बहन को छोड़ने ग्राम लाद पोड़ी गया हुआ था जहां से उसे छोड़कर वापस अपने गृहग्राम लोड़ीबहरा आ रहा था कि लमना नेशनल हाईवे 130 पर स्थित ग्राम लमना के पास देर शाम पहुंचा था कि सामने की ओर से आ रही प्लेटिना मोटर सायकल क्रमांक सीजी 16 सीएल 7463 के चालक ने तेजी व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पवन सिंह की मोटर सायकल को ठोकर मार दिया। जिससे पवन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरी मोटर सायकल में सवार दो लोगों को भी गंभीर चोट आयी है जिन्हें उपचार के लिए पोड़ी उपरोड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया है।

## हड़ताल से नहीं लौटने पर एफआईआर के दिए गए हैं निर्देश

# एफआईआर की चेतावनी के बाद भी धरने पर डटे हैं समिति के कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चार सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले एक सप्ताह से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे समिति कर्मचारियो के खिलाफ सरकार ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए एफआईआर कराने के आदेश जारी किए हैं उसके बावजूद समिति के कर्मचारी संभागीय मुख्यालय के धरने में डटे हुए हैं। जिले से 250 कर्मचारी हड़ताल पर चल रहे है जो अपनी उपस्थिति धरने में पहुंचकर दे रहे हैं।

बीते एक सप्ताह से संभागीय मुख्यालय के धरने में जिले के समिति कर्मचारी चरणबद्ध तरीके से शामिल होकर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं इससे समितियों में सन्नाटा पसरा हुआ है और सभी तरह के कार्य ठप हो गए हैं। सरकार ने 31 अक्टूबर तक एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन की तिथि तय की थी। वहीं पंजीयन के दौरान रकबा, खसरा के रिकार्ड में सुधार के लिए 30 नवंबर तक का समय दिया गया है लेकिन बीते एक सप्ताह से सुधार कार्य भी बंद पड़ा हुआ है। इससे किसानो के सामने धान खरीदी के दौरान तकनीकी कारणों का सामना करना पड़ेगा इससे धान की खरीदी प्रभावित होना तय माना जा रहा है। हड़ताल जितनी लंबी खिंचेगी किसानों के पंजीयन के रिकार्ड में सुधार कार्य में भी उतनी ही देरी होगी। ऐसी स्थिति में 30 नवंबर तक कितने किसानों के रिकार्ड में सुधार हो सकेगा वही किसान अपने पूरे रकबे की फसल बेच सकेंगे। इधर हड़ताली कर्मचारियों का कहना है कि हड़ताल एकाएक नहीं शुरु की गई है। इसके पूर्व ही सरकार को कई चरणों में ज्ञापन देकर आगाह किया गया था उसके बावजूद सरकार ने उनकी मांगों के संबंध में कोई पहल नहीं की है।



संभागीय मुख्यालय के धरने में बैठे समिति के कर्मचारी।

### कम हुआ किसानों का पंजीयन

लगातार सरकार की नीतियां बदलने के कारण एवं एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन के दौरान साफ्टवेयर में आ रही तकनीकी खराबी की वजह से कई किसान अपना पंजीयन ही नहीं करा सके हैं। बीते वर्ष धान खरीदी के लिए 51 हजार किसानों ने अपना पंजीयन कराया था। इस वर्ष यह संख्या 49 हजार तक ही सीमित रह गई है इससे खरीदी भी कम होने की संभावना है। पिछले वर्ष भी लक्ष्य से कम खरीदी हुई थी। इस वर्ष लक्ष्य भी कम मिला है। किसानों के पंजीयन के दौरान कई तरह के दस्तावेज मांगे जाने से पंजीयन कार्य में गिरावट दर्ज की गई है।

### अलग अलग घटना में दो की मौत

**कोरबा।** जिले में अलग अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई है। दोनों ही मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। पहली घटना उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम भादा निवासी राम किशन पिता स्व मुकुंदराम की तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। मौत की दूसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के रामसागरपारा बस्ती में घटित हुई है। यहां निवासरत महेंद्र सिंह उम्र 28 वर्ष पिता अमीर सिंह ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी जहां वैधानिक कार्यवाही कर महेंद्र सिंह के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### नौकरी लगाने के नाम पर महिला से ठगी

**बिलासपुर।** नौकरी लगाने के नाम पर महिला से 11 लाख रुपए की ठगी कर ली गई । सिविल लाइन पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है । कोरबा निवासी प्रार्थिया साधना यादव पिता मनोहरण लाल यादव उम्र 30 वर्ष ने मामले में शिकायत दर्ज कराई है। महिला के मुताबिक वह जेलगांव थाना दर्री हाल मुकाम रतनपुर जिला बिलासपुर की रहने वाली है। एक साल पूर्व शादी डाट कम के माध्यम से उसकी पवन कुमार यादव पिता शंकर लाल यादव निवासी पामगढ़ डुडगा जिला जांजगीर चांपा का रहने वाले के साथ जान पहचान हुई थी । इसके बाद मोबाईल के माध्यम से दोनों की बात होने लगी। अक्टूबर 2024 में पवन कुमार यादव ने महिला को बिल्हा के सरकारी अस्पताल में नर्स की नौकरी लगाने के नाम पर 8 लाख देने कहा। महिला ने रामा मैग्नेटो माल में नकदी रकम 3 लाख रुपए आरोपी को दिए। इसके बाद अधिकारी बदल गया है कहकर 11 से 12 लाख रुपए लगने की बात कही तो महिला ने आरोपी को 11 लाख दे भी दिया। इसके बाद आरोपी पवन कुमार ने महिला से बातचीत लगभग बंद कर दी और फोन उठाना भी बंद कर दिया। कई बार संपर्क करने के बाद भी जब आरोपी ने कोई जवाब नहीं दिया तो महिला ने सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### रेल हादसे में एक और मौत, अब तक 12 मौत

**बिलासपुर।** 4 नवंबर को मालगाड़ी से लोकल की टक्कर के हादसे में मंगलवार की रात एक और घायल यात्री की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार मेहविश परवीन 19 साल जांजगीर से बिलासपुर तक सफर कर रही थी। मेहविश डीपी कालेज की छात्रा थी, जो ट्रेन हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसका बैग और मोबाईल क्षतिग्रस्त कोच में मिला था। उसे गंभीर अवस्था में अपोलो में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था, जहां उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हो सका और मंगलवार की रात उसकी मौत हो गई। मेहविश की मौत के बाद अब मृत यात्रियों की संख्या 12 हो गई है।

### बाइक सवार ने आटो व स्कूटी को मारी टक्कर

**बिलासपुर।** बेलगाम सवार ने इलेक्ट्रीक आटो व स्कूटी को टक्कर मार दिया है। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार कुदूदण्ड चांदनी चौक निवासी गजेन्द्र राव पिता दिलीप राव सेल्लार 10 नवंबर को इलेक्ट्रीक आटो में नेहरू चौक से घर जा रहे थे। रात 10.20 बजे शेफर्ड स्कूल चौक मुंगेलीनाका की ओर से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 11 एएल, 0824 सवार युवक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी आटो को टक्कर मारकर बाजू में खड़ी रौनक सिंह राठौर की स्कूटी को टक्कर मार दिया। जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पति के साथ पत्नी ससुर ने की मारपीट

**बिलासपुर।** आबकारी कार्यालय के परिसर में पति के साथ पत्नी व ससुर ने मारपीट कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, खमतराई मानस वाटिका निवासी निखिल कुमार सोहगौरा ने रिपोर्ट लिखाई। वह सहायक आयुक्त आबकारी कार्यालय में प्लेसमेंट कर्मचारी है। 22 जून 2023 को उनकी शादी प्रतिमा शुक्ला से हुई थी। 9 फरवरी 2024 को उनकी पत्नी मायके चली गई है। 10 नवंबर को 11.15 बजे उनकी पत्नी व ससुर सुरेश शुक्ला कार्यालय परिसर में प्रवेश कर गाली गलौज करते हुए उनका कालर पकड़कर मारपीट किया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर पत्नी व ससुर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सहायिका भर्ती प्रक्रिया दावा आपत्ति 20 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 93 इमलीभांठा सरकंडा एवं केंद्र क्रमांक 124 लोधीपारा सरकंडा में सहायिका के रिक्त पदों पर प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत दावा आपत्ति 20 नवम्बर तक जमा कर सकते हैं। इच्छुक आवेदिका कार्यालयीन समय में 20 नवम्बर तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकती हैं।

### शौर्य को राष्ट्रीय नवाचार स्पर्धा में स्वर्ण पदक

**अम्बिकापुर।** होली क्रॉस कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 10 (एफ) के छात्र शौर्य सिंह ने इंडियन यंग इन्वेंटर्स एंड इनोवेटर्स चैलेंज में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अर्जित किया। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विज्ञान एवं नवाचार प्रतियोगिता एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल रायपुर में राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. नीलेश देसाई, निदेशक, इसरो–स्पेस एप्लिकेशन सेंटर द्वारा किया गया। उन्होंने शौर्य के प्रोजेक्ट को वैज्ञानिक सरलता, ग्रामीण प्रासंगिकता और पर्यावरणीय अनिवार्यता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

---

**नाइट लैंडिंग की मिलेगी सुविधा** | **4 साल बाद रात में शुरू हो सकेगा विमान का परिचालन**

# एएआई का प्री कमीशनिंग सर्वे सफल,कल रवाना होगी टीम, रिपोर्ट अगले हफ्ते

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया की दो सदस्यीय टीम नाइट लैंडिंग के लिए डीवीओआर मशीन की जांच कर रही है। पिछले दो दिनो से प्री कमीशनिंग सर्वे का काम किया जा रहा है। टीम 12 नवंबर को लौट जाएगी। बताया जा रहा है कि सर्वे रिपोर्ट एएआई के हेडक्वार्टर भेजा जाएगा। जिसके बाद डीजीसीए की टीम सर्वे कर नाइट लैंडिंग की स्वीकृति दे सकेगी।

डोप्लर वेरी हाई फ्रिक्वेंसी आमनी रेंज मशीन द्वारा नाइट लैंडिंग सुविधा बिलासा एयरपोर्ट को मिलेगी। मशीन की जांच के लिए एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया के दो सदस्य पिछले दो दिनों से बिलासा एयरपोर्ट का निरीक्षण कर रहे है। इस दौरान मशीन की रेंज नापी जा रही है। प्री कमीशनिंग के लिए आब्जेक्ट सर्वे किया जा रहा है। एएआई की जांच के बाद ही रिपोर्ट डीजीसीए को भेजी जा सकेगी, वहीं इस माह डीजीसीए की टीम भी बिलासा एयरपोर्ट का निरीक्षण करेगी। दो दिनों में सदस्यों ने मशीन की बारिकी से जांच की है। टीम बुधवार की सुबह काम खत्म कर दिल्ली के ही रवाना हो जाएगी। टीम द्वारा एएआई के हेडक्वार्टर को अगले हफ्ते रिपोर्ट देगी। इस दौरान एएआई के जीटी जीएम राजीव बडोनी , एजीएम संदीप राठौर, एयरपोर्ट डायरेक्टर बीएन सिंग, पी डब्ल्यूडी के अधिकारी उमंग गौराहा सहित सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे।



डीवीओआर मशीन की जांच के लिए आए अधिकारी।



एयरपोर्ट में स्थापित मशीन।

### 90 दिन के बाद शुरू होगी नाइट लैंडिंग

बताया जा रहा है कि बिलासा नाइट लैंडिंग के लिए डीवीओआर का परीक्षण जरूरी है। सिग्नल परीक्षण के बाद एयरोस्पेश मैनेजमेंट यूनिट द्वारा एयरपोर्ट का भौतिक परीक्षण करेगी। इसके बाद अलग-अलग रिपोर्ट के आधार पर डीजीसीए नाइट लैंडिंग की स्वीकृति देगी। अधिकारियों के अनुसार मैनेजमेंट यूनिट द्वारा तैयार विशेष प्रोसीजर के अनुमोदन के बाद डीजीसीए नोटिस ऑफ एयरमैन जारी कर सकता है, इसके जारी होने के 90 दिनों बाद ही एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग शुरू किया जा सकेगा।

### रात में उड़ेगा विमान

बिलासा एयरपोर्ट को बने 4 साल बीत चुका है, अबतक दिन में ही फ्लाइट का परिचालन किया जा रहा है जबकि बड़े विमान ज्यादातर रात में संचालित किए जाते है। ऐसे में बिलासा एयरपोर्ट को नाइट लैंडिंग की सुविधा के साथ तैयार करने में पीडब्ल्यूडी और विमान विभाग को 4 साल का समय लग गया है। नाइट लैंडिंग की सुविधा मिलते ही रात में भी उड़ान का परिचालन किया जाएगा। इससे रात्रिकालीन मेडिकल सुविधा के लिए उपयोग होने वाले एयरबस और अन्य विमानों को बिलासा एयरपोर्ट में उतारा जा सकेगा।

### टीम देगी रिपोर्ट

टीम अपना काम कर चुकी है, सुबह कुछ काम किया जाएगा। इसके बाद टीम वापस रवाना होगी। टीम अपना रिपोर्ट एएआई को देती है। डीजीसीए की टीम अभी नहीं आई है।

**-एनबी सिंह**, डायरेक्टर, बिलासा एयरपोर्ट

---

**तिफरा ओवरब्रिज में लोगों की जान से खिलवाड़, प्रशासन का ध्यान नहीं**

# गलत ड्राइंग डिजाइन का खामियाजा हर महीने पांच सड़क हादसे, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गलत ड्राइंग डिजाइन से बनाई गई तिफरा ओवरब्रिज का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। महज दो साल में राजीव गांधी चौक फ्लाई ओवरब्रिज के ढ़लान में उतरते समय 13 चार पहिया वाहन डिवाइडर में चढ़कर पलटकर दुर्घटना ग्रस्त हो गई है। वहीं फ्लाई ओवरब्रिज के उपर रैलिंग से टकराकर कार सवार एक युवक की मौत भी हो चुकी है। प्रत्येक माह औसतन पांच सड़क हादसे हो रहे हैं। लोगों की जान से खिलवाड़ हो रहा है लेकिन प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारियों का इस तरफ ध्यान नहीं है।

महाराणा प्रताप चौक के पास फ्लाईओवर से रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे सीधे जुड़ा हुआ है। रायपुर की ओर से आने वाले वाहन चालक तेज रफ्तार से आते हैं। फ्लाईओवर से दो सौ मीटर आगे मोड़ है। उसी जगह पर चालक अनियंत्रित होते हैं और विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार गाड़ी से भिड़ जाते हैं। फ्लाईओवर की शुरुआत में कोई संकेतक भी नहीं लगाया गया है। इसके चलते दोनों ओर से आने वाले चालक स्पीड से वाहन चलाते हुए गुजरते हैं। इसके परिणाम स्वरूप सड़क दुर्घटना होती है। फ्लाईओवर में प्रत्येक एक माह में औसतन पांच दुर्घटनाएं होती हैं। इससे कई लोग घायल भी हो चुके हैं। फ्लाईओवर में सड़क दुर्घटना होती है तो ऐसी स्थिति में अनियंत्रित होकर गाड़ी के फ्लाईओवर से नीचे गिरने का खतरा रहता है। कम स्पीड में वाहन चलाने से दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। यातायात विभाग द्वारा वाहन चालकों पर गति नियंत्रण को लेकर कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है।



### ओवर ब्रिज की ड्राइंग डिजाइन हड़बड़ी में बनी

गौरतलब है कि महाराणा प्रताप चौक में ट्रैफिक का दबाव कम करने के लिए करोड़ों रुपए की लागत से तिफरा ब्रिज बनाया गया था। ब्रिज की चौड़ाई कम होने से ट्रैफिक का दबाव बढ़ता गया। इसके बाद फिर से 103 करोड़ की लागत वर्ष 2022 में राजीव गांधी चौक से तिफरा तक 1620 मीटर लंबे बिलासपुर रायपुर रोड महाराणाप्रताप चौक में तिफरा फ्लाई ओवर ब्रिज बनाया गया था। आनन फानन में बने इस ओवर ब्रिज की ड्राइंग, डिजाइन भी हड़बड़ी में बनाई गई। आड़ा तिरछा और संकरे बने इस ओवरब्रिज में सड़क हादसे का दौर शुरू हो गया है।

### आइलैंड नहीं होने से खा रहे धोखा

यहां राजीव गांधी चौक से आइलैंड को हटा लिया गया है। इससे रास्ता तो चौड़ा हो गया है, लेकिन उसके बाद यहां वाहन चालकों को धोखे का शिकार होना पड़ रहा है। बिना घूमे वाहनों को अचानक मोड़ने और आगे निकलने के चक्कर में वाहन चालक आपस में टकरा जा रहे हैं। इसके साथ ही रायपुर रोड से आते समय चार पहिया वाहन राजीव गांधी चौक ढलान में दिखाई नहीं देने से रैलिंग से टकराकर हादसे का शिकार होने लगे। अब तक 13 दुर्घटनाएं हो चुकीं हैं। हादसे में कई लोग घायल हो गए हैं तो वाहनें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।

### यह दुर्घटनाएं हो चुकीं

■ 8 जनवरी 2024 की रात गीताजंली सिटी फेस 2 निवासी मीडियाकर्मी राहुल त्रिपाठी ( 26 साल) दोस्त के साथ रायपुर रोड स्थित होटल ढाबा से खाना खाकर कार से लौट रहे थे। तिफरा फ्लाई ओवर ब्रिज में उनकी कार अनियंत्रित होकर पलट गई थी। हादसे में राहुल त्रिपाठी की मौत हो गई थी। उसका साथी जितेन्द्र गहवाई गंभीर रूप से घायल हो गया था।

■ पिकअप चालक दुर्गेश केंवट दोपहर किसी काम के सिलसिले में तिफरा की ओर जा रहा था। वाहन के पीछे खुले हिस्से में मणिराज तिवारी और लक्ष्मण निर्मलकर सवार थे। तेज रफ्तार पिकअप ढलान में पहुंचने के बाद और तेज हो गई। इससे चालक दुर्गेश वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया और सीधे फ्लाईओवर में लगे बिजली के खंभे से जा टकराए।

■ जूना बिलासपुर में रहने वाले कांग्रेस नेता फिरोज खान, सेवा दल कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष चंदन सिंह, महासचिव मनोज सिंह और अय्यूब खान की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी।

### डिवाइडर की लंबाई बढ़ाई गई है

डिवाइडर की लंबाई कम होने व ब्रिज की चौड़ाई कम होने से लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही थी। डिवाइडर की लंबाई बढ़ाने के साथ ही वर्तमान में बेरिकेट लगाकर डिवाइडर की लंबाई बढ़ाई कई है और उसमें रेडियम लगाया गया है। ताकि दूर से लोगों को डिवाइडर दिखाई दे।

**- रामगोपाल करियारे**
एडीशनल एसपी, ट्रैफिक

---

**इंस्टाग्राम से की दोस्ती**

## महिला से अनाचार कर फोटो वायरल करने की दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इंस्टाग्राम में डायवर्सी महिला से दोस्ती किया। इसके बाद तीन बच्चों को अपनाते हुए शादी करने का झांसा देकर अनाचार किया। यही नहीं फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमैलिंग करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक महिला पति से तलाक लेने के बाद तीन बच्चों के साथ रह रही है। इंस्टाग्राम में उनकी अकलतरा अमोरा निवासी राहुल करकेल ने उनसे दोस्ती की। उसके बाद दोनों आपस में बातचीत करने लगे। राहुल करकेल ने महिला व उसके तीन बच्चों को अपनाते हुए शादी करने का झांसा देकर अनाचार किया। इस दौरान उसने महिला की अश्लील फोटो रख लिया।



■ ब्लैकमेलिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

सोशल मीडिया में फोटो वायरल करने की धमकी देकर 20 हजार रुपए ले लिया और शारीरिक संबंध बनाने लगा। बाद में महिला को पता चला कि राहुल करकेल पहले से शादीशुदा है और उसने प्रेम विवाह किया हुआ है।

पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने अपराध कायम कर आरोपी राहुल करकेल को गिरफ्तार कर लिया है।

## रास्ता रोककर नाबालिग से छेड़खानी, युवक गिरफ्तार



सरकण्डा पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग की एक शादी कार्यक्रम में मस्तूरी किरारी निवासी अभय सिंह ठाकुर से जान पहचान हुई थी। उसके बाद दोनों मोबाइल में बातचीत करने लगे। इसी दौरान अभय सिंह शादी करने की बात करने लगा। नाबालिग ने मना कर दिया। जिससे युवक नाबालिग से चाकू से मार देने की धमकी देने लगा। रविवार को नाबालिग स्मृति वाटिका घूमने गई थी। इसी दौरान युवक ने रास्ता रोककर गाली गलौज करते जान से मारने की धमकी देते हुए छेड़खानी करने लगा। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

---

## हवालात में कटी घूसखोर नायब तहसीलदार की रात

**एसीबी विशेष कोर्ट में किया पेश, भेजा गया जेल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रिकार्ड में नाम चढ़ाने के एवज में ग्रामीण से 50 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए नायब तहसीलदार को तारबाहर थाने में रखा गया था। रात भर हवालात में रखने के बाद दूसरे दिन कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। 30 अक्टूबर को सीपत बिटकुला निवासी प्रवीण पाटनवार ने शिकायत की। उनकी मां का देहांत हो गया है और उनके नाम पर गांव में 21 एकड़ जमीन है। जिसमें फौती दर्ज कर जमीन के रिकार्ड में उसका और अन्य भाई बहन का नाम दर्ज करने के लिए वह सीपत नायब तहसीलदार देश कुमार कुर्रे से मिले थे।। नायब तहसीलदारी कुर्रे द्वारा उक्त कार्य के एवज में उन्सें 1 लाख 50 हजार रिश्वत की मांग की गई। सत्यापन में नायब तहसीलदार के द्वारा 1 लाख 20 हजार रुपए में लेने सहमति दी गई।



### एसईसीआर से चलने वाली चार ट्रेनें कैंसिल

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर रेल मंडल के शालीमार यार्ड का आधुनिकीकरण का काम किया जाएगा। इसके चलते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली चार ट्रेनों को कैंसिल कर दिया गया है। ये गाड़ियां 13 से 23 नवंबर तक अलग-अलग दिनों में रद्द रहेगी। इससे ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। रेलवे प्रशासन ने बताया कि बिलासपुर रेल जोन के साथ ही देश भर के अलग-अलग जोन में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का काम चल रहा है। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर रेल मंडल में भी काम चल रहा है, जिसे तेजी से पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है। यह काम 13 से 23 नवंबर तक होगा। इसमें 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 22 एवं 23 नवंबर को एलटीटी से चलने वाली 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

## खतरनाक यू टर्न में ट्रक ने तीन सवारी बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खतरनाक यू टर्न में ट्रक चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए तीन सवारी बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

■ कोटा फौजी ढाबा के पास हुआ हादसा

कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया कि मंगलावार को लोरमी लालपुरकला निवासी तीनजूगी कश्यप पिता अर्जूनलाल कश्यप 38 साल कोटा ढाल बछाली निवासी भूमि बाई, मनीषा खुसरों को बाइक क्रमांक सीजी 28 डब्ल्यू, 2017 में बैठाकर पिपरपारा जा रहे थे। दोपहर 2.30 बजे कोटा फौजी ढाबा के पास खतरनाक यू टर्न में सामने से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 12 एक्यू, 1604 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। हादसे में बाइक में सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई। जिससे दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और तीनों घायलों को इलाज के लिए कोटा अस्पताल भेजा गया और ट्रक व ड्राइवर को थाने भेजा गया।

कोटा अस्पताल में डाक्टर ने परिक्षण के बाद तीनजूगी कश्यप को मृत घोषित कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल भूमि बाई, मनीषा खुसरों को सिम्स भेजा गया। सिम्स में डाक्टर ने परिक्षण के बाद भूमि बाई को मृत घोषित कर दिया है। वहीं मनीषा खुसरों को इलाज चल रहा है।

### जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट के 133 पदों पर भर्ती, आवेदन 25 तक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट के 133 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू है। 25 नवंबर तक फॉर्म भरे जा सकते हैं। अगले साल 4 जनवरी को परीक्षा होगी। इसके लिए रायपुर व बिलासपुर में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। इस पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक मांगी गई है। इसके अलावा आवेदकों के पास किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से एक वर्ष का कंप्यूटर डिप्लोमा, आईटीआई या समकक्ष प्रमाणपत्र होना आवश्यक है। इधर, जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट के 124 और जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट (कंप्यूटर) के 9 पदों पर भर्ती की जाएगी। चयन की प्रक्रिया दो चरणों में होगी। पहले चरण में व्यापमं से लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह 100 अंकों की होगी। इसमें सफल होने वाले उम्मीदवारों को दूसरे चरण के लिए बुलाया जाएगा। इस राउंड में स्किल टेस्ट होगा। भर्ती को लेकर विस्तृत जानकारी व्यापमं की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

---

**पुलिस ने पीटा एक्ट के तहत की कार्रवाई, घर से मिली आपत्तिजनक सामग्री**

# शहर के बीच चल रहा था देह व्यापार का कारोबार, एक महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में देह व्यापार के रैकेट का खुलासा हुआ है। महिला थाना पुलिस की टीम ने रेड कार्रवाई के दौरान लोगों को रंगे हाथों पकड़ा है। घटना स्थल से पुलिस को बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक वस्तुएं भी मिली है। पुलिस ने इस मामले में एक महिला को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पीटा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

बताया जा रहा है कि शहर में पुलिस को लम्बे समय से शहर में देह व्यापार के अवैध कारोबार की सूचना मिली रही थी। महिला अपने घर में बाहर से युवतियां बुलवाकर लोगों से पैसे लेकर वेश्यावृत्ति करवा रही थी। सूचना के बाद एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर घर में रेड कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान उक्त घर से पुलिस ने संदिग्ध हालत में युवक-युवतियों को पकड़ा। पुलिस की जांच के दौरान मौके से कुल चार युवतियों को पकड़ा गया था। सभी युवतियां सरगुजा के बाहर की है। इसके साथ ही पुलिस ने मौके से बड़ी संख्या में उपयोग किये गए निरोध, नए पैकेट मे बंद निरोध, 2000 रुपए नगद व डायरी जब्त किया। पुलिस के अनुसार घर में देह व्यापार का कारोबार महिला द्वारा किया जा रहा था। पुलिस ने जब महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपने घर में अनैतिक देह व्यापार को संचालित करने की बात स्वीकार की महिला युवकों को संपर्क कर युवतियों की देह व्यापार कराने का रेट एवं उसके एवज में स्वयं का कमीशन की बात कही। उक्त आरोपिया द्वारा अनैतिक कृत्य के लिये युवको से राशि लेना, कमरा उपलब्ध कराकर घर की आड़ में युवतियों से वैश्यावृति का संचालन कर अवैध रूप से आय अर्जित करने का कृत्य पाये जाने से अपराध धारा 3,4,5,7 अनैतिक देह व्यापार निवारण अधि. 1956 का पाए जाने पर धारा 3,4,5,7 अनैतिक देह व्यापार निवारण अधि. 1956 का अपराध पंजीबद्ध कर बाद थाना आकर मामले मे नम्बरी अपराध दर्ज कर महिला को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। इस कार्रवाई में सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व मे महिला आरक्षक सरला टोप्पो, निक्की मिश्रा आरक्षक अतुल सिंह एवं विकास सक्रिय रहे।

### चल रही है जांच

देह व्यापार के मामले में रेड कार्रवाई की गई है। इस मामले में एक महिला को गिरफ्तार कर पीटा एक्ट की कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही मामले की जांच चल रही है।

**-राहुल बंसल**, सीएसपी

## पिता की हत्या के आरोप में पुत्र गिरफ्तार जमीन विवाद पर उतारा मौत के घाट

**सीतापुर।** जमीन विवाद पर पिता की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस स मिली जानकारी के अनुसार मृतक रूपधर अचगले अपने छोटे बेटे जीतराम अचगले के साथ रहता था जबकि उसका बड़ा बेटा नेतराम अपने परिवार के साथ अंबिकापुर में रहता है। नेतराम 10 नवंबर को अपनी पत्नी के साथ गृह ग्राम आया था और अपने साढ़ू गोपाल राम के घर में रुका था। इधर रूपधर अचगले दोपहर 2 बजे सब्जी बेचने के लिए गुतुरमा चौक हटरी गया था। इस दौरान लोगों ने नेतराम को दो से तीन बार बाजार में घुमते देखा था। शाम को 6.30 बजे मनोज अचगले ने जीतराम को घर जाकर सूचना दी कि किसी ने उसके पिता की हत्या कर दी है। सूचना मिलने के बाद जब वह मौके पर पहुंचा तो देखा की राजेश अचगले के घर के सामने उसका पिता रूपधर मृत पड़ा हुआ है। इस दौरान लोगों ने बड़े बेटे नेतराम द्वारा उसकी हत्या किए जाने की बात कही गई। इस घटना की सूचना जीतराम ने पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया इसके साथ ही पुलिस ने घेराबंदी कर 55 वर्षीय नेतराम अचगले आ. रूपधर राम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। जमीन विवाद पर उसने लकड़ी के फाड़ी से हत्या करने और स्कूटी से भागने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही जेल भेज दिया है।

## खबर संक्षेप



### अनूप जायसवाल को प्रेस क्लब हरदीबाजार ने दी श्रद्धांजलि

**हरदीबाजार।** कोरबा के वरिष्ठ पत्रकार प्रेस क्लब कोरबा के सदस्य एवं छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के संरक्षक अनूप जायसवाल का सोमवार को निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे, प्रेस क्लब परिवार हरदीबाजार व छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ हरदीबाजार के द्वारा प्रेस क्लब भवन में अनूप जायसवाल के निधन पर मोमबत्ती जलाकर 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। साथ ही दुःख की इस घड़ी में उनके परिजनों को संबल प्रदान करने भगवान से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर प्रेस क्लब के संरक्षक डॉ विजय राठौर, अध्यक्ष बाबूराम राठौर, विशेष आमंत्रित सदस्य जगदीश अग्रवाल, उपाध्यक्ष निलेन्द्र राठौर, सचिव राजाराम राठौर, कोषाध्यक्ष विनोद उपाध्याय,सह सचिव सुरेंद्र राठौर,विशेष आमंत्रित सदस्य प्रमोद राठौर उपस्थित थे।

### मसीही समाज पर हमला करने वालों पर कार्रवाई की मांग

**कोरबा।** कोरबा चर्च वेलफेयर एसोसिएशन समिति ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मसीही समाज पर हो रहे असामाजिक तत्वों द्वारा अत्याचार एवं हमले के विरोध पर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि मसीही समाज पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा निरंतर अत्याचार, धमकी एवं भय का वातावरण निर्मित किया जा रहा है। 8 नंवबर को भी समिति की एक बैठक के दौरान असामाजिक तत्वों के द्वारा हामला किया गया एवं विरोध प्रदर्शन कर धार्मिक स्वतंत्रता में बाधा उत्पन्न की गई थी।

### चार महीने से लापता किशोरी का मिला कंकाल, नाबालिग प्रेमी निकला हत्यारा

**अम्बिकापुर।** चार महीने से लापता किशोरी की हत्या कर शव को जंगल में दफन करने का मामला सामने आया है। किशोरी की हत्या उसके नाबालिग प्रेमी ने की थी। पुलिस ने संदेही की निशानदेही पर जंगल से कंकाल बरामद किया है। जंगल में किशोरी का कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया है। पुलिस दवरा कंकाल को जब्त करने के साथ ही मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के रमकोला थाना क्षेत्र में रहने वाली 16 वर्षीया संगीता रजक शहर के पटपरिया में किराए के मकान में अपनी सहेलियों के साथ रहकर काम करती थी और 4 अगस्त को किशोरी अपने किराए के मकान से निकली लेकिन वापस नहीं लौटी। किशोरी के घर नहीं आने पर खोजबीन के बाद सहेलियों और परिजन ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी जिसके बाद गांधीनगर पुलिस गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच कर रही थी। जांच के दौरान सहेलियों के बयान के आधार पर पुलिस को यह जानकारी मिली कि किशोरी का लुंड्रा क्षेत्र के एक नाबालिग से प्रेम प्रसंग था और दोनों के बीच बात चीत होती थी। ऐसे में पुलिस ने प्रेमी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने चिरगा जंगल में हत्या कर लाश को दफन करने की जानकारी दी। इसी के तहत मंगलवार को पुलिस टीम बतौली के चिरगा स्थित जंगल में न्यायिक मजिस्ट्रेट तहसीलदार बतौली, एसडीओपी सीतापुर फॉरेंसिक व डॉक्टरों की टीम के साथ पहुंची थी जहां संदेही की निशानदेही पर पुलिस ने खुदाई कर कंकाल बरामद किया।

## निधन

### गजेंद्र शर्मा



**कोरबा।** मिशन रोड निवासी स्व. रमेश शर्मा के जेष्ठ सुपुत्र गजेंद्र शर्मा का (50 वर्ष) का निधन हो गया। उनकी अंतिम संस्कार 12 नवंबर को उनके निवास स्थान मिशन रोड से मोतीसागरपारा मुक्तिधाम की किया जाएगा।

## ओवरस्पीड वाहन दौड़ाने वाले चालकों पर 29 लाख से अधिक का जुर्माना

# हवा की रफ्तार से बात करने वाले 2864 चालकों पर कसा पुलिस का शिकंजा







कार्यवाही करते हुए यातायात पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला पुलिस लगातार ओवरस्पीड वाहनों के खिलाफ अभियान चला रही है ताकि हादसों पर विराम लगाया जा सके। खासतौर पर जिले में जब से हाईवे का नवनिर्माण हुआ है तब से वाहन चालक अपने एक्सीलेटर पर कंट्रोल नहीं रख पा रहे हैं और हाईवे पर पहुंचते ही सीधे हवा की रफ्तार से बात करते हैं। ऐसे लोगों पर यातायात पुलिस शिकंजा कस रही है। पिछले 9 महीने में यातायात पुलिस ने ओवरस्पीड के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 2864 प्रकरण दर्ज कर 29 लाख 16 हजार रुपए समन शुल्क वसूल किया है।

जिले में सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ कम करने लिए यातायात पुलिस स्कूल, कॉलेज से लेकर सड़क में अलर्ट है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश में पर यातायात पुलिस लगातार जन जागरुकता अभियान चला रही है और हर दूसरे तीसरे दिन स्कूल कॉलेज सहित सार्वजनिक स्थानों में पहुंचकर लोगों को यातायात का पाठ सीखा रही है कि सड़क पर चलते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। साथ ही सड़क में ज्यादातर हादसे ओवर स्पीड की वजह से होते हैं। खासतौर पर कटघोरा अंबिकापुर मुख्य मार्ग हो या फिर कोरबा चांपा मार्ग में लोग हाईवे में पहुंचते ही रफ्तार पर कंट्रोल नहीं रख पाते हैं जिसकी वजह से भीषण हादसे होते हैं।

इन हादसों पर लगाम लगाने के लिए यातायात पुलिस सउनि मनोज राठौर, सउनि ईश्वरी लहरे, एएसआई रामनारायण रात्रे, प्रआर संतोष सिंह सहित उनकी दो अलग अलग टीम इन्हीं मार्गों पर पहुंच रही है और ओवर स्पीड के खिलाफ लगातार अभियान चला कर कार्यवाही कर रही है। पुलिस से मिले आंकड़ों के मुताबिक जनवरी से 10 नवंबर की स्थिति में 2864 प्रकरण दर्ज कर ऐसे चालकों से बतौर जुर्माने के रुप में पुलिस ने 29 लाख 16 हजार रुपए समन शुल्क वसूल किया है।

### स्कूल, कॉलेजों में चल रहा है जागरुकता अभियान

इस साल स्कूल का नया सत्र शुरु होते ही यातायात पुलिस ने स्कूल कॉलेजों में जागरुकता अभियान को विशेष ध्यान दिया है। पुलिस की टीम स्कूल, कॉलेज में जाकर मुख्य रूप से स्कूली बच्चों को बिना लायसेंस वाहन न चलाने, यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट सीट बेल्ट का उपयोग, ओव्हरटेक करने के नियम, लोगों को शराब सेवन कर वाहन न चलाने, तेजगति से वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का उपयोग नहीं करने, यातायात संकेत एवं रोड किनारे लगे संकेतिक बोर्ड आदि के संबंध में जानकारी दे रही है। जिसका असर भी देखने को मिल रहा है। सूत्र बताते हैं कि पिछले साल की तुलना में सड़क हादसों का ग्राफ भी कुछ कम हुआ है।

## घुड़देवा में फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन



प्रतियोगिता में विजेता टीम के खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अन्तर्गत घुड़देवा खेल मैदान में आयोजित की गई। फुटबॉल प्रतियोगिता का सोमवार की शाम समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की कई टीमों ने हिस्सा लिया और दर्शकों ने मैच का भरपूर लुत्फ उठाया। घुड़देवा में होने वाले फुटबॉल प्रतियोगिता में 10 टीमों ने हिस्सा लिए थे, जहां फाइनल मुकाबला दीपका एसीबी व घुड़देवा के बीच खेला गया। जहां दीपका एसीबी की टीम ने दो गोल कर जीत हासिल किया।

इस दौरान फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित समापन में मुख्य अतिथि के रुप में नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा शामिल हुए। साथ ही विशिष्ट अतिथि वार्ड क्रमांक 17 घुड़देवा पार्षद श्रीमती रुबी गुप्ता सहित पूर्व एल्डरमैन परमानंद सिंह, वार्ड क्रमांक 12 पार्षद श्रीमती प्रमिला सायतोड़े, कृपा राम साहु, विश्वनाथ यादव, सुरेश चौधरी, धन्नू बंजारे, जगदीश गुप्ता, आशा केंवट, राकेश सिंह, गौरी केंवट, रिता साहु युवा पत्रकार संघ बांकीमोंगरा अध्यक्ष विकास सोनी, अनूपम दास एवं फुटबॉल प्रेमी व आसपास के नगरवासी शामिल हुए। वहीं इस प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक कोरबा जिला फुटबॉल संघ सेकेट्री व पूर्व पार्षद पवन गुप्ता के द्वारा किया गया। जहां सभी ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरण कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। समापन में पहुंचे मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष श्रीमती झा ने कहा कि खेल हमें टीम भावना और अनुशासन सिखाते हैं और युवाओं को ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। श्रीमती झा ने विजेता और उपविजेता टीमों को शुभकामनाएं देते कहा कि आज छोटे मैदान में हिस्सा ले रहे हैं, आने वाले दिनों में आप बड़े मैदान में हिस्सा लेवें, और अपने माता-पिता, गुरुजनों, गांव , जिले व अपने राज्य का नाम रौशन करें यहीं मेरी शुभकामनाएं हैं।

## आमजन के सुगम आवागमन के लिए बीटी पेच मरम्मत कार्य प्रगति पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सड़क मार्गों की दुरुस्ती और आमजन के सुगम आवागमन के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा मरम्मत कार्य तेजी से किया जा रहा है। कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग ने बताया कि लोक निर्माण विभाग संभाग कोरबा अंतर्गत विभिन्न मार्गों में बीटी पेच रिपेयर कार्य कुल 277.32 किलोमीटर लंबाई पर किया जा रहा है, जिसके लिए 556.20 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि शहर के गौमाता चौक, कोरबा और कटघोरा-सलोरा मार्ग में बीटी पेच का कार्य 10 नवम्बर से प्रारंभ हो गया है। मरम्मत कार्य सुचारू रूप से प्रगति पर है और विभाग के अनुसार शेष कार्य दिसम्बर तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

# सभी कार्यालयों में लगाई जाएगी बायोमैट्रिक मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश



बैठक लेते कलेक्टर।

कलेक्टर अजीत वसंत ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने 13 नवम्बर को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाली रन फॉर यूनिटी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने, रूट चार्ट को अंतिम रूप देने तथा आम नागरिकों एवं सभी शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रन फॉर यूनिटी का आयोजन भव्य और प्रेरणादायी स्वरूप में किया जाए ताकि सरदार पटेल के एकता और अखंडता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। साथ ही उन्होंने सभी शासकीय कार्यालयों में बायोमेट्रिक मशीनें लगाने तथा अधिकारियों-कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश प्रभारी अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने जनदर्शन अंतर्गत लंबित प्रकरणों को 15 दिनों के भीतर निराकृत करने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अनुभागों में घोषणा फार्म का वितरण तय समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए और डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया लगातार जारी रखी जाए। उन्होंने आपत्तियों के निराकरण की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाते हुए कहा कि विशेष पुनरीक्षण कार्य को उच्च प्राथमिकता में रखकर समय पर पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने 15 नवम्बर को आयोजित होने वाले जनजाति गौरव दिवस की तैयारी हेतु सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा जिला पंचायत सीईओ को मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम रूपरेखा तैयार करने और सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने रेडी टू इट निर्माण के संबंध में डीपीओ महिला एवं बाल विकास विभाग को समूह की बैठक आयोजित कर 7 दिवस के भीतर मशीन स्थापित कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

## सुशासन से महिला सशक्तिकरण महतारी सदन से मजबूत होगी आत्मनिर्भरता की नींव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान के लिए लगातार सार्थक कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में सुशासन की परिकल्पना अब महिलाओं के जीवन में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास भर रही है। इसी क्रम में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक अभिनव पहल के रूप में 'महतारी सदन' शुरू की गई है, जो ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाएगी। महतारी सदन योजना छत्तीसगढ़ सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उन्हें योजनाओं से सीधे जोड़ना है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा। ये सदन महिला स्व सहायता समूहों के लिए एक सशक्त कार्यालय, प्रशिक्षण केंद्र और कार्यस्थल के रूप में कार्य करेंगे, जहाँ महिलाएँ सामूहिक रूप से अपने आर्थिक और सामाजिक विकास के कार्य संचालित कर सकेंगी। जिले के ग्राम कनबेरी एवं बोईदा में महतारी सदन का निर्माण पूर्ण हो चुका है। जोकि पूरी तरह से आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हो रहा है। इसमें एक बड़ा हॉल, बैठक कक्ष, रसोईघर, स्टोर रूम, स्वच्छ शौचालय एवं पेयजल की सुविधा उपलब्ध है। यह व्यवस्था न केवल कार्य संचालन को सुगम बनाएगी, बल्कि महिलाओं को एक सुरक्षित और सम्मानजनक कार्यस्थल भी प्रदान करेगी।

**खास बात**

- गांव में सशक्त होगी मातृशक्ति, बढ़ेगा आत्मविश्वास और आत्मसम्मान

### स्वयं सहायता समूहों को मिलेगा नया आधार और नई पहचान

महतारी सदन ग्रामीण क्षेत्रों की महिला स्व सहायता समूहों के लिए नई ऊर्जा का स्रोत बनेंगे। अब तक महिलाएँ गाँवों में विभिन्न स्थलों पर अपने समूह की बैठकों या उत्पादन कार्यों का संचालन करती थीं, जिससे कई व्यावहारिक कठिनाइयाँ सामने आती थीं। लेकिन अब महतारी सदन के माध्यम से उन्हें एक स्थायी स्थान मिलेगा जहाँ वे योजनाओं पर चर्चा कर सकेंगी, उत्पाद तैयार कर सकेंगी और विभिन्न प्रशिक्षणों में भाग ले सकेंगी। इन सदनों में प्रशिक्षण कार्यक्रम, कौशल विकास कार्यशालाएँ, उद्यमिता विकास सत्र तथा स्वरोजगार से जुड़ी गतिविधियाँ नियमित रूप से आयोजित की जाएँगी। इससे महिलाएँ उत्पादन से लेकर विपणन तक की प्रक्रियाओं में दक्ष होंगी और अपने समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बना सकेंगी। राज्य शासन का उद्देश्य है कि महिलाएँ केवल योजनाओं की लाभार्थी न बनें, बल्कि योजनाओं के क्रियान्वयन और संचालन में भी उनकी सक्रिय भूमिका हो। महतारी सदन इसी सोच को मूर्त रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## जिले में 11 हजार 306 बच्चों ने लिया बाल विवाह न करने का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बाल विवाह मुक्त जिला घोषित करने के उद्देश्य से कोरबा जिले में चल रहे जन जागरूकता अभियान को जबरदस्त जनसमर्थन मिल रहा है। राज्य सरकार से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर एवं जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के अध्यक्ष अजीत वसंत के निर्देशन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग और जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिले में निरंतर जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शिक्षा विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 11 नवंबर तक जिले के 60 विद्यालयों से कुल 11 हजार 306 बच्चों ने बाल विवाह न करने की शपथ ली है। बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल विवाह की रोकथाम के लिए यह एक सराहनीय पहल मानी जा रही है।कार्यक्रमों के संचालन में जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन (नीति आयोग)का संयुक्त योगदान रहा। जिले में आगे भी इस अभियान को और व्यापक स्तर पर चलाने की योजना बनाई गई है ताकि कोरबा को शीघ्र ही बाल विवाह मुक्त जिले के रूप में स्थापित किया जा सके।

## अडानी फाउंडेशन ने पताड़ी सीएचसी को दिया आधुनिक उपकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अदाणी फाउंडेशन ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के तहत करतला ब्लॉक के ग्राम पताड़ी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य केंद्र को आवश्यक उपकरण और सामग्री सौंपी गई। साथ ही आसपास के दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए।

अदाणी फाउंडेशन की पहल के तहत सीएचसी पताड़ी को एयर कंडीशनर, डीप फ्रीज़र, टेलीविजन, रोगी बेड, लॉकर, वेटिंग चेयर और कूलर जैसी सामग्री प्रदान की गई। वहीं दिव्यांगजनों के लिए ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, वॉकर और बैसाखी जैसे उपकरणों का वितरण किया गया, जिससे उन्हें दैनिक जीवन में सहूलियत मिल सके। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीएमएचओ कोरबा डॉ. एस.एन. केसरी, बीएमओ डॉ दीपक राज और केपीएल के परियोजना प्रमुख ए राजागुरु ने किया। इस अवसर पर पताड़ी सरपंच प्रधान सिंह ठाकुर, जिला पंचायत प्रतिनिधि श्रीमती सुष्मिता कमलेश अनंत, जनपद सदस्य अनिल खूंटे, सीएचसी की चिकित्सा अधिकारी डॉ.रजनी कटकवार और डॉ.रंजीता कंवर सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे। डॉ.केसरी ने कहा कि अदाणी फाउंडेशन की यह पहल ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में सराहनीय कदम है। इन उपकरणों से स्वास्थ्य केंद्र की सेवाएं और बेहतर होंगी, जिससे मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। केपीएल के भूविभाग प्रमुख विकास ठाकुर ने कहा कि अदाणी फाउंडेशन द्वारा आसपास के क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका संवर्धन और अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। अदाणी समूह अपने सामाजिक सरोकारों के तहत जिले में कई योजनाएं संचालित कर रहा है। इनमें पताड़ी, खोड्डल और सरगबुंदिया सहित आसपास के गांवों में स्वच्छ पेयजल के लिए आरओ प्लांट स्थापना, सीमेंट सड़कों का निर्माण और आजीविका उन्नयन से जुड़ी पहल शामिल है।



उपकरण देते हुए अडाणी फाउंडेशन के अधिकारी।

## सेजस मदनपुर में लिया गया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय मदनपुर के प्रांगण में प्राचार्य राजीव जोगी के मार्गदर्शन में बाल विवाह उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। व्याख्याता पुष्पक साहू ने बाल विवाह से महिला और पुरुषों को होने वाली हानियों को बताया। व्याख्याता विनोद जायसवाल ने छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाया कि न तो हम,न ही परिवार में और न ही अपने गांव में 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़कों का विवाह होने देंगे। बाल विवाह के रोकथाम के लिए पहले उन परिवार को समझाना है, न मानने पर महिला बालविकास विभाग और स्थानीय पुलिस को सूचित करना है। सतर्कता ही बाल विवाह मुक्त राज्य निर्माण में सहायक होगा। कुमुदिनी राम, कमलेश्वरी साहू, कल्पना कुजूर ने भी विद्यार्थियों को बालविवाह मुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किये।






## आम सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम जलेश्वर सिंह राजपूत, उम्र लगभग 66 वर्ष, पिता- स्व. एस.एस. राजपूत एवं श्रीमती धनेश्वरी राजपूत, उम्र लगभग 57 वर्ष, पति- श्री जलेश्वर सिंह राजपूत, दोनों निवासी- मकान क्रमांक 245, वार्ड क्रमांक 37, आईटीआई रामपुर, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के होकर शपथपूर्वक निम्न कथन करते हैं:

01. यह कि हम उपरोक्त वर्णित पते पर निवास करते हैं।

02. यह कि हमारे वैवाहिक जीवन के संसर्ग से दो पुत्र दीपक कुमार राजपूत, ओमेश कुमार राजपूत एवं पुत्री साधना राजपूत का जन्म हुआ है।

03. यह कि हमारे बड़े पुत्र दीपक कुमार राजपूत का विवाह बहू श्रीमती लीना सिंह के साथ संपन्न हुआ है तथा उनसे एक पुत्री अर्थात हमारी पोती- वान्या सिंह राजपूत का जन्म हुआ है तथा हमारा बड़ा पुत्र दीपक कुमार राजपूत अपने परिवार को लेकर हमसे अलग निवास करता है तथा हम बुजुर्गों की सेवा सुश्रुसा तथा चिकित्सा इलाज आदि नहीं करता है।

04. यह कि हम दोनों के द्वारा अपने स्वअर्जित आय से वार्ड क्रमांक 33/37 आईटीआई रामपुर, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) में भूखंड क्रमांक 261 क्षेत्रफल 600 वर्गफीट में निर्मित दो मंजिला मकान 10 कमरा, 3 हॉल, 5 लेटरिन, बाथरूम, 2 किचन, बोर युक्त मकान का निर्माण कराया गया है जिसमें हम दोनों अपने छोटे पुत्र ओमेश कुमार राजपूत एवं पुत्री साधना राजपूत के साथ निवास करते हैं।

05. यह कि हमारे बड़े पुत्र एवं बहू के हमारे साथ इस तरह के कृत्यों तथा दुर्भावनापूर्ण व्यवहार के कारण हमारे द्वारा अपने बड़े पुत्र दीपक कुमार राजपूत, बहू श्रीमती लीना सिंह तथा पोती वान्या सिंह राजपूत को अपने समस्त संपत्ति से बेदखल कर रहे हैं तथा आज दिनांक 11/11/2025 से हमारे बड़े पुत्र दीपक कुमार राजपूत, बहू श्रीमती लीना सिंह तथा पोती- वान्या सिंह राजपूत का हमारी संपूर्ण संपत्ति पर कोई हकदावा एवं अधिकार नहीं है।

भवदीय
जलेश्वर सिंह राजपूत
श्रीमती धनेश्वरी राजपूत
दोनों निवासी- मकान क्रमांक 245, वार्ड क्रमांक 37, आईटीआई रामपुर, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.)
मोबाइल- 9893913610
मोबाइल- 9301376904

## खबर संक्षेप

### एसआईआर को लेकर लोकसभा प्रभारी आज लेंगे बैठक



**कोरब।** जिला कांग्रेस कार्यालय टी पी नगर कोरबा में 12 नवंबर को प्रातः 11 बजे पूर्व मंत्री एवं एसआईआर के कांग्रेस कोरबा लोकसभा प्रभारी जयसिंह अग्रवाल बीएलओ की बैठक लेंगे। बैठक में जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, इंटक, सेवादल, पार्षद, ब्लॉक कांग्रेस, पूर्व पार्षद, मंडल कमेटी, पार्षद प्रत्याशी, वार्ड एवं बूथ कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बूथ लेवल एजेंटो को आमंत्रित किया गया है। वहीं बरपाली में भी बुधवार की दोपहर दो बजे बीएलओ की बैठक रखी गई है, जिसमें कांग्रेस के सभी अनुषंगी संगठनों के पदाधिकारियों, बूथ कमेटी के साथ बूथ लेबल एजेंडों को आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थू लाल यादव ने बताया कि एसआईआर को लेकर विधानसभावार बैठक आहूत कर निगरानी रखने रणनीति तय करने के लिए बैठक आयोजित किया गया है।

### राज्य स्तरीय स्पेशल कोर्स में 12 लीडर्स हुए सम्मिलित



**कोरबा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राज्य मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय स्पेशल कोर्स का आयोजन किया गया। कोर्स में कोरबा जिले से 12 लीडर्स सम्मिलित हुए। रायपुर स्थित राज्य शैक्षिक एवं प्रशिक्षण अनुसंधान केंद्र में 4 से 8 नवम्बर तक सेक्रेटरी एवं ऑर्गनाइजर, मैपिंग एवं स्टार गैजिंग, पायनियरिंग एवं इस्टीमेशन का स्पेशल कोर्स आयोजित किया गया। इसमें राज्यभर से लीडर्स की भागीदारी हुई। तीनों कोर्स में जिले से जिला सचिव भरत सिंह वर्मा, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) डीगम्बर सिंह कौशिक, विकासखंड सचिव प्रीतम लाल राजवाड़े, भागीरथी श्रीवास, नमिता श्यामकुंवर कड़वे, लक्ष्मी राज, विकासखंड संयुक्त सचिव देवेंद्र प्रताप सिंह गौतम, नोहर चंद्रा, मनराखन अगरिया, गाइडर पुष्पा शांडिल्य, स्काउटर लोकनाथ सेन, डिंपल सिंह ने भागीदारी की। जिले से राज्य स्टॉफ में बतौर सहायक संचालक स्काउटर एसआर अमित सम्मिलित हुए। राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा के मार्गदर्शन एवं राज्य सचिव जितेन्द्र कुमार साहू के दिशा निर्देश पर कोर्स आयोजित हुआ। कोर्स का नेतृत्व अशोक कुमार देशमुख, खोड़स राम कश्यप, अमित क्षत्रिय, जेरमिना एक्का द्वारा किया गया।

### धान खरीदी हेतु समितियों में प्रभारी अधिकारी हुए नियुक्त

**कोरबा।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एवं वित्तीय प्रशासकीय प्रबंधन का कार्य संयुक्त रूप से समिति प्रबंधक के साथ शासकीय विभागों के अधिकारियों को समिति स्तर पर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में धान खरीदी हेतु प्रभारी अधिकारी नामांकित किया गया है। विकासखंड कटघोरा अंतर्गत 6, करतला 12, कोरबा- 6, पाली - 8 और विकासखंड पोंड़ी उपरोड़ा अंतर्गत 9 कुल 41 आदिम जाति सेवा सहकारी समिति शामिल हैं। कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार विकासखंड कटघोरा अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति अखरापाली हेतु तहसीलदार दीपका अमित केरकेट्टा, कटघोरा- तहसीलदार कटघोरा सूर्यप्रकाश केशकर, छुरीकला- अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग प्रदीप मरकाम, जवाली- अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग सतीश पाण्डेय, दूरपा- अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अनुज भार्गव और समिति भिलाईबाजार हेतु नायब तहसीलदार दीपका वंदेराम भगत को प्रभारी अधिकारी नामांकित किया गया है। इसी तरह विकासखंड करतला अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कनकी हेतु विकासखंड शिक्षा अधिकारी संदीप पाण्डेय, करतला-नायब तहसीलदार करतला देवेन्द्र कुमार, कोथारी- सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी करतला शीतल अग्रवाल, चिकनीपाली - उप अभियंता जनपद पंचायत करतला गुलजार मरावी, तुमान- राजस्व निरीक्षक बरपाली केशर चौहान, नवापारा- अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नरेन्द्र सरकार, पठिया पाली- उप अभियंता जनपद पंचायत करतला आदि शामिल हैं।

## मामला गोपालपुर से कटघोरा एनएच पीडब्ल्यूडी सड़क का

# पहले बारिश की वजह से नहीं हुई मरम्मत और अब विभाग कर रहा काम में देरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गोपालपुर से छुरी होकर कटघोरा तक जाने वाली एनएच पीडब्ल्यूडी की सड़क जर्जर होने के कारण आम राहगीरों को पिछले कई महीनों से आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग के द्वारा पहले बारिश के कारण मरम्मत का कार्य शुरु नहीं किया जा सका था और अब मरम्मत के काम में विभाग के द्वारा हिला हवाला बरती जा रही है। जिसका खामियाजा आम लोग भुगत रहे हैं।

**खास बात**

- एनएच पीडब्ल्यूडी बिलासपुर प्रोजेक्ट के जिम्मे है सड़क मरम्मत का काम

दर्री बांध से लेकर गोपालपुर एनटीपीसी जमनीपाली जैलगांव सहित छुरी कटघोरा सड़क मार्ग का निर्माण एनएच पीडब्ल्यूडी के द्वारा कराया गया था। चौड़ी सड़क की सुविधा मिलने से आम लोगों को कटघोरा तक के लिए अच्छी सुविधा मिल गई थी लेकिन यह सुविधा भी इस बार की बारिश में घुस गई। दर्री से लेकर गोपालपुर तक सड़क कुछ हद तक ठीक है किंतु गोपालपुर से लेकर कटघोरा तक की सड़क की स्थिति जिस तरह बदहाल हो गई है उसे देखकर यह कोई नहीं कहेगा कि यह एनएच की सड़क है। मार्ग में बड़े बड़े गड्ढे हो गए थे जिसमें भारी वाहनों के फंसने से घंटों तक सड़क में जाम लगा रहा। बारिश खत्म होने के बाद विभाग इन गड्ढों में मिट्टी डालकर खानापूर्ति कर रहा है। उसके इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को यह उम्मीद थी कि तत्काल मरम्मत का काम शुरु हो जाएगा किंतु बारिश खत्म हुए एक माह का समय बीतने को है। एनएच पीडब्ल्यूडी ने अब तक सड़क का मरम्मत कार्य शुरु नहीं हुआ है।



जर्जर सड़क से वाहनों के आवागमन से उठती है धूल।


**बिलासपुर प्रोजेक्ट के हवाले मरम्मत का काम**

गोपालपुर से कटघोरा तक की सड़क मरम्मत का काम एनएच पीडब्ल्यूडी के बिलासपुर प्रोजेक्ट के जिम्मे दिया गया है जिसके द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूरी कर मरम्मत का कार्य शुरु किया जाएगा। टेडर की प्रक्रिया विभाग के द्वारा शुरु कर दी गई है। शीघ्र ही मरम्मत का कार्य भी शुरु किया जाएगा। सड़क के कई स्थानों में पानी भरने के साथ सड़क के दोनों ओर स्थित खेतों में पानी भरा हुआ था जिससे नमी के कारण मरम्मत कार्य में तकनीकी दिक्कतें हो रही थी। एनएचएआई के कोरबा प्रोजेक्ट डायरेक्टर पी डी पर्लावार ने बताया कि सड़क का मरम्मत कार्य शीघ्र शुरु किया जाएगा। उक्त सड़क एनएच पीडब्ल्यूडी के बिलासपुर प्रोजेक्ट के जिम्मे है।

**यात्री बसों के साथ गुजरते हैं भारी वाहन**

कटघोरा से कोरबा आने के लिए यही एकमात्र मुख्य सड़क है। जिससे बिलासपुर एवं अन्य जिले की ओर आने जाने वाली यात्री बसों का भी गुजरना होता है और साथ ही अन्य राज्यों एवं जिलों से आने वाले भारी वाहन भी इसी सड़क से शहर में प्रवेश करते हैं। बालको संयंत्र आने वाले भारी वाहन भी दर्री नए पुल से गुजरते हुए रुमगड़ा मार्ग से बालको पहुंचते हैं। ऐसे भारी वाहनों के लगातार आवागमन के कारण एनएच की सड़क ग्रामीण अंचलों की सड़क जैसी नजर आती है।

## शहर में 7 किलोमीटर दूरी के यूनिटी मार्च का कल होगा आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 13 नवम्बर की सुबह 9 बजे से शहर में लगभग 7 किलोमीटर दूरी की यूनिटी मार्च (एकता रैली) का आयोजन किया जाएगा। यूनिटी मार्च पम्प हाउस ब्रिलियंट स्कूल के समीप स्थित कुर्मी समाज भवन परिसर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों व मुख्य मार्गो से गुजर कर शास्त्री चौक निर्मला स्कूल पहुंचेगा, जहां पर मुख्य मंचीय कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

**खास बात**

- निगम आयुक्तने जिला प्रशासन, खेल विभाग व नगर निगम के अधिकारियों के साथ रूट का किया निरीक्षण

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशानुसार निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने जिला प्रशासन, खेल विभाग एवं निगम के अधिकारियों के साथ यूनिटी मार्च के समूचे रूट का निरीक्षण कर यूनिटी मार्च के भव्य आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, एडीएम देवेन्द्र पटेल, अपर कलेक्टर ओंकार यादव, एसडीएम सरोज महिलांगे, सीएसपी भूषण एक्का, जिला शिक्षा अधिकारी टीआर उपाध्याय, जिला खेल अधिकारी दीनू पटेल, उपायुक्त पवन वर्मा, सहायक खेल अधिकारी रामकृपाल साहू, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर आदि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**साफ-सफाई के साथ होंगी अन्य व्यवस्थाएं**

निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों के साथ यूनिटी मार्च के सम्पूर्ण रूट का सघन रूप से निरीक्षण कर सड़कों की विशेष साफ-सफाई, रूट में पड़ने वाले चौक-चौराहों पर सुविधा स्थल स्थापित करने, पेयजल व्यवस्था, स्वल्पाहार, महापुरूषों की प्रतिमा स्थलों पर माल्यार्पण की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सम्पूर्ण रूट में आवागमन व यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था आदि के संबंध में भी अधिकारियों से चर्चा कर चुस्त-दुरूस्त व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन किया।

## जनपद सदस्यों ने प्रभारी अधिकारी को हटाने पारित किया प्रस्ताव



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनपद पंचायत कोरबा के सदस्यों द्वारा जनपद के राशन कार्ड शाखा सहित दो अन्य शाखाओं के प्रभारी अधिकारी को हटाने के लिए प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद भी उक्त अधिकारी के अपने पद पर जमे होने से सदस्यों में रोष व्याप्त हो गया है इससे जनपद में तनाव की स्थिति निर्मित होती जा रही है।

**खास बात**

- मामला जनपद पंचायत कोरबा के राशन कार्ड शाखा प्रभारी का

जनपद पंचायत कोरबा में प्रभारी अधिकारी और बाबुओं की वजह से कामकाज प्रभावित हो रहा है। जनपद सदस्यों ने इस मुद्दे को लेकर अब मुखर होना शुरु कर दिया है। जनपद सदस्य श्रीमती उषा खूंटे के द्वारा पंचायत सचिव के साथ प्रभारी अधिकारी का मुद्दा उठाया गया है। श्रीमती खूंटे ने रजगामार ग्राम पंचायत के सचिव मुखी सिंह कंवर को रजगामार से अन्यत्र हटाने हेतु प्रस्ताव रखा। जिसे उच्च अधिकारी के द्वारा पत्र जारी किया गया है। इसी तरह प्रभारी अधिकारी आशुतोष मिश्रा को भी हटाने का प्रस्ताव 15 अक्टूबर को जनपद पंचायत में आहूत की गई। श्रीमती उषा खूंटे ने बताया कि आशुतोष मिश्रा के स्थान पर किसी और को प्रभार देने का प्रस्ताव लाया गया। बैठक में जनपद सदस्य ने अमलडीहा से मालीकछार सड़क निर्माण के साथ चिर्रा श्यांग सीसी रोड का निर्माण शीघ्र शुरु कराए जाने का प्रस्ताव लाया गया।

## श्याम कीर्तन श्याम नाम के जयकारों से गूंज उठा नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर में भक्ति और श्रद्धा की बयार बह रही है। अग्रसेन भवन कटघोरा में श्याम प्रेमियों द्वारा भव्य श्याम कीर्तन का आयोजन किया गया।

**खास बात**

- अग्रसेन भवन कटघोरा में हुआ आयोजन

इस आयोजन में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए और पूरे हृदय से श्री श्याम बाबा के भजनों में डूब गए। सर्वप्रथम समिति के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मंगल दीप प्रज्वलन और श्याम ध्वज पूजन के साथ बाबा श्याम की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रसिद्ध भजन गायक प्रमोद त्रिपाठी मुम्बई,निहाल ठाकरान कलकत्ता,अमित अग्रवाल कोरबा,कनिका ग्रोवर इंदौर, सहित स्थानीय कलाकारों ने अपनी मनमोहक भक्ति प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रमोद त्रिपाठी मुम्बई के द्वारा गाया गया गीत बातों बातों में जब प्यार वाली बात आवे मुस्कान तेरी बाबा मुझे याद आवे,तेरी हांथो की कठपुतली हूं तेरी हांथो का झुनझुना बन गया,व तेरी शरण मे आके मैं धन्य हो गया जन्मों की प्यास थी जो सम्पन्न हो गया जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे कई भक्तों की आंखों से आंसू छलक पड़े और पूरा अग्रसेन भवन जय श्री श्याम के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम स्थल अग्रसेन भवन को आकर्षक रोशनी, पुष्पों और रंग-बिरंगे झालरों से सजाया गया था। समिति के द्वारा भजन संध्या में नगर सहित बाहर अन्य जिलों से पधारे सभी श्याम प्रेमियों के लिए प्रसाद स्वरूप स्वादिष्ट भोजन रसोई की व्यवस्था की गई थी जिसका सभी श्रद्धालुओं ने आनंद लिया सेवा में जुटे स्वयं सेवक भक्तों ने प्रेम और समर्पण से सभी को प्रसाद वितरण किया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सभी सदस्यों के साथ नगर के पुलिस प्रशासन से नगर निरीक्षक धर्मनारायण तिवारी सहित समाज के सभी गणमान्य नागरिको का सहयोग रहा श्याम प्रेमी युवा मंडल के सदस्यों ने अनुशासन, पार्किंग, प्रसाद वितरण और सुरक्षा की जिम्मेदारी सफलतापूर्वक निभाई कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति ने बाहर अन्य जिले व शहर कोरबा, चाम्पा, शक्ति, खरसिया, जमनीपाली, पेंड्रा, पसान, जटगा, पोड़ी, गुरसिया, बिलासपुर, रायपुर से आये सभी श्याम भक्तों व सहयोगियों सहित प्रशासन का आभार व्यक्त किया।



भजन गाती गायिका।



उपस्थित श्रोतागण।

## राह चलते कॉलेज छात्राओं के साथ लूटपाट करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर में राह चलते छात्राओं के साथ लूटपाट करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने धर दबोचा है। जिन्होंने पिछले 24 घंटों में दो छात्राओं के साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतामणी बस्ती निवासी अंशु केंवट ने थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि वह बीए प्रथम वर्ष की छात्रा है। 10 नवंबर की सुबह लगभग 12 बजे वह घर से पैदल कॉलेज जा रही थी अभी वह सप्तदेव मंदिर के पास पहुची थी कि पीछे से एक मोटर सायकल सवार युवक पहुंचा और उसके हाथ में रखा हुआ मोबाइल छीनकर फरार हो गया। मोटर सायकल का नंबर सीजी 12 एजी 7740 है। लूट की दूसरी घटना सिविल लाईन थाना क्षेत्र के मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज के समीप घटित हुई है। अनुष्का सिंह दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत नीलगिरी बस्ती में निवास करती है। जो मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज में बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा है। सोमवार को अनुष्का कॉलेज आयी हुई थी और दोपहर 3.30 बजे वापस अपने घर जाने के लिए मिनीमाता कालेज से निकलकर पैदल सीएसईबी चौक की ओर जा रही थी जैसे ही एटीएम के पास पहुंची उसी समय पीछे से मोटर सायकल से दो युवक पहुंचे और कैंची से उसके उपर जानलेवा हमला करने की कोशिश की और उसे डराकर उसके हाथ में रखा हुआ मोबाइल लूटकर फरार हो गये। छात्राओं के साथ लूटपाट की घटना सामने आते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी एक्शन में आये और लुटेरों की धरपकड़ के लिए पुलिस की विशेष टीम को निर्देशित किया और पुलिस की टीम ने आरोपियों के धरपकड़ के लिए छानबीन शुरु किया और मुखबीर के मिले सुराग के आधार पर उरगा निवासी दीपक कुर्रे, खरमोरा निवासी कन्हैयालाल यादव और शंकर नगर निवासी विशाल पावले को पुलिस ने धरदबोचा है जिन्होंने छात्राओं के साथ लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दिया था।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## गौवंश संरक्षण हेतु गौ सेवा समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले की गौ सेवा समिति की प्रथम बैठक जिला अध्यक्ष विनय सिंह राठिया की अध्यक्षता में उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक का संचालन प्रभारी उपसंचालक डॉ. मयंक गोस्वामी ने किया। बैठक में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत गौवंश के संरक्षण और संवर्धन हेतु गौ सेवा धाम संचालित करने के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गई। योजना के तहत प्रत्येक विकासखंड में 10 गौ सेवा धाम संचालित किए जाएंगे, जिनमें घूमंतू एवं निराश्रित गौवंशों को सुरक्षित रखा जाएगा। इसके लिए जिला एवं विकासखंड स्तर पर गौ सेवा समितियों का गठन किया गया है, जिनमें सरकार के प्रतिनिधियों सहित अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति पशुधन विकास विभाग द्वारा की गई है। बैठक में जिला समिति के अध्यक्ष श्री विनय सिंह राठिया ने कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारने के लिए प्रथम चरण में गौ सेवा धाम हेतु स्थल चिन्हांकन किया जाएगा। इसके संचालन के लिए स्वयंसेवी समूहों की वास्तविक स्थिति और निर्धारित मापदंडों पर पशुधन विकास विभाग की चिकित्सकीय टीम द्वारा शीघ्र प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा। बैठक में जिला समिति के सदस्य विजय अग्रवाल, रामशरण तंवर, देवी गोपाल, शिवप्रकाश, करतला खंड अध्यक्ष मारुति पटेल, कटघोरा खंड अध्यक्ष गुरमीत सिंह सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पत्नी की तीन माह पहले हुई थी मौत, पति ने जहर खाकर दे दी जान

**कोरबा।** कुछ माह पूर्व पत्नी की मौत हो जाने से दुखी एक 65 वर्षीय वृद्ध पति ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेंगचुलभांठा निवासी दुखीराम 65 वर्ष पिता भुखउराम शनिवार को काम से लौटने के बाद देर शाम घर नशे की हालत में घर आया और जहर का सेवन कर लिया। उनकी तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तत्काल उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि दुखीराम की पत्नी की तीन माह पहले ही मौत हुई थी। पत्नी की मौत होने के बाद से दुखीराम टेंशन में रहता था। संभावना जताई जा रही है कि पत्नी की मौत से परेशान होकर पति ने यह आत्मघाती कदम उठाया है। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

### वन विभाग के आगंतुक भवन में चोरी, मामला दर्ज

**कोरबा।** रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ओमपुर निवासी अजय कुमार सिदार वन परिक्षेत्र सहायक कोरबा सिविल लाईन थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि कोरबा वन परिक्षेत्र अंतर्गत शासकीय आगंतुक भवन अरण्य भवन में 8 नवंबर की रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर वहां रखे सामानों की चोरी कर ली है। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की छानबीन शुरु कर दी है।



By Train-रिजर्वेशन कोच
राजस्थान यात्रा
जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर
अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
यात्रा दिनांक
05 दिसंबर 2025
15 जनवरी 2026
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-27,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
10 दिसंबर 2025, 07 जनवरी, 11 फरवरी, 18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411